हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 13 दिसंबर 2023
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 14.2 डिग्री
न्यूनतम 12.2 डिग्री

12 इंटरनेशनल माउंटेन डेः वनोपज, औषधियों के संग्रहण से पहाड़ सैकड़ों को दे रहे



## माता श्रीमती जसमनी देवी ने जनता का जताया आभार

# मुख्यमंत्री की माता जसमनी देवी का किया गया नागरिक अभिनंदन

छत्तीसगढ़ के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री विष्णुदेव के गृह ग्राम बगिया में उनकी माता श्रीमती जसमनी देवी का नागरिक अभिन्दन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की बहू राजकुमारी साय, बुआ मुघ साय, भाई जय प्रकाश साय और कुनकुरी के पूर्व विधायक रोहित साय उपस्थित थे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

गांव के बेटे विष्णु साय को छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री बनाएं जाने से उत्साहित ग्रामीणों ने माताश्री जसमनी देवी को फूलो का हार पहना कर अभिन्दन किया और उनका चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर माताश्री श्रीमती जसमनी देवी ने लोगों का आभार जताते हुए कहा कि जशपुर जिले के छोटे से गाँव के बेटे को छत्तीसगढ़ महतारी और यहां के आम लोगो की सेवा करने का जो अवसर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया है, उससे पूरा जशपुरांचल अभिभूत है।

उन्होंने अभिन्दन समारोह मे विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व मे छत्तीसगढ़, विकास की एक नई इबारत लिखेगा। उल्लेखनीय है कि रविवार को विष्णुदेव साय को छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री बनाएं जाने की घोषणा के बाद से बगिया सहित पूरे जशपुर जिले मे जश्न मनाया जा रहा है। ढोल ताशे और लोक संगीत की धुन पर महिला और पुरुष नृत्य कर, अपनी खुशियां व्यक्त कर रहे हैं। पूरे जिले भर से बगिया स्थित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निवास पहुंच कर बधाई देने वालो का तांता लगा हुआ है। आम लोगों की सुविधा के लिए कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल और डीआईजी डी रवि शंकर के मार्गदर्शन मे सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गईं है।





### बगिया में उत्सव का माहौल

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम की घोषणा होने के बाद से ही पूरे जशपुर जिले मे उत्सव का माहौल बना हुआ। आतिशबाजी का दौर लगातार चल रहा है। श्री साय के गृह ग्राम बगिया में बधाई देने वालों का ताता लगा हुआ है। जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव, बगीचा, फरसाबहार सहित जिले भर के ग्रामीण अंचल से लोग यहां पहुंच कर, जशपुर के माटी पुत्र विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने की खुशियां मना रहे हैं। सुबह से लेकर रात तक, लोक गीतों की धुन मे नृत्य का दौर चल रहा है। उत्साहित महिला और पुरुष संगीत की धुन मे नृत्य में जुटे हुए है।

### शपथ ग्रहण समारोह का होगा सीधा प्रसारण

जशपुरनगर। छत्तीसगढ़ के नवनियुक्त मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं मंत्रिमण्डल के सदस्य 13 दिसंबर को दोपहर 2 बजे रायपुर के साइंस कॉलेज ग्राउंड में आयोजित समारोह में शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह का सीधा प्रसारण किया जाएगा जिससे प्रदेश के दूसरे हिस्सों में भी लोग समारोह को देख सकें। प्रदेश के सभी नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में शपथ ग्रहण समारोह का कार्यक्रम लाइव प्रसारित किया जाएगा। जिला मुख्यालय जशपुर के बस स्टैण्ड सहित नगरीय क्षेत्र कुनकुरी, बगीचा, कोतबा, पत्थलगांव शपथ ग्रहण समारोह का एलईडी स्क्रीन के माध्यम से लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार ग्राम पंचायतों में टीवी एवं अन्य संसाधनों के माध्यम से लाइव प्रसारण लोगों को दिखाई जाएगी। जहां से आम जन रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित नवनियुक्त मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय व मंत्री मंडल के शपथ ग्रहण समारोह को देख सकेंगे।

## दशकों बाद अब मिलेगी जर्जर सड़कों से निजात



जिले से मुख्यमंत्री बनने पर अब जिले के रुके विकास कार्य तेजी से होंगे। सभी सड़कों को चकाचक करने का काम भी शुरू हो चुका है। दशकों से जिलेवासियों को खराब और जर्जर सड़कों के कारण परेशानी उठानी पड़ रही थी, जिससे अब निताज मिलेगी। आजादी के बाद से अब तक इस क्षेत्र के लोग सुगम आवागमन के लिए अच्छी सड़क की मांग करते आ रहे थे, लेकिन उनकी मांगों को दरकिनार किया जा रहा था। अब विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री के बाद क्षेत्र की सड़कों का भी कायाकल्प होगा। जिले की सड़कें चकाचक होंगी, इसके लिए कार्य भी प्रारंभ किया जा चुका है। जिले के आमजन अब आसानी से आवागमन कर सकेंगे। जिले में सड़क निर्माण कार्य तेजी से प्रारंभ हो गए हैं। सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। जिले के एनएच सहित सभी सड़कों का गुणवत्तापूर्ण निर्माण होने से लोगों को आवागमन में सुगमता होगी। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने सड़क निर्माण कार्यों की प्रगति में तेजी लाने और गुणवत्तापूर्ण कार्य कर समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग द्वारा चराईडांड़-बगीचा सड़क निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है और गुणवत्ता का ध्यान रखा जा रहा है।

### कलेक्टर ने किया निरीक्षण

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने आज चरईडॉड़-बगीचा में चल रहे सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और कार्य के गुणवत्ता की जायजा ली। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता, एसडीएओ और उप अभियंता को समय पर सड़क निर्माण के कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही सड़क निर्माण के कार्यो में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के लिए कहा। कलेक्टर डॉ. मित्तल ने चल रहे निर्माण कार्य की जायजा लेते हुए संबंधित निर्माण एजेंसी को सड़क डमरीकरण कार्य में प्रगति लाते हुए समय पर कार्य को पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। संबंधित विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि चराईडॉड़ से बगीचा सड़क निर्माण का कार्य प्रगति पर है।

## खबर संक्षेप

### 15 प्रधान आरक्षकों का तबादला एसपी ने जारी किया आदेश

जांजगीर-चांपा। पुलिसिंग व्यवस्था में कसावट लाने पुलिस कप्तान विजय अग्रवाल ने 15 प्रधान आरक्षकों का तबादला आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार निसार परवेज को रक्षित केन्द्र जांजगीर से सायबर सेल जांजगीर, राकेश चर्तुथी को रक्षित केन्द्र जांजगीर से थाना अकलतरा, सितेश कुमार यादव को रक्षित केन्द्र जांजगीर से थाना मुलमुला, विवेक सिंह को रक्षित केन्द्र जांजगीर से सायबर सेल, चंद्रकांत कश्यप को रक्षित केन्द्र जांजगीर से थाना पामगढ़, सुनील सिसोदिया को रक्षित केन्द्र से थाना बम्हनीडीह, जगदीश प्रसाद रत्नाकर को रक्षित केन्द्र जांजगीर से नैला चौकी, महेश कुमार राठौर को रक्षित केन्द्र से पामगढ़, मिलन राठौर को रक्षित केन्द्र से बम्हनीडीह समेत 15 प्रधान आरक्षकों का तबादला किया है।

### 91 वाहनों पर यातायात पुलिस ने की कार्रवाई

जांजगीर-चांपा। मोटर अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत कुल 91 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए कुल 27 हजार 300 रूपए समन शुल्क किया गया है। इसके अलावा वाहन चेकिंग के दौरान 31 वाहन चालकों के द्वारा मौके पर वाहन का कागजात पेश नही करने पर वाहन चालकों के विरूद्ध धारा 130 (3), 177 मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया है, जिसे न्यायालय में पेश किया जाएगा। इसी क्रम में 10 दिसंबर को विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही किया गया, जिसमें वाहनों में नम्बर प्लेट अस्पष्ट होना, नो पार्किंग में वाहन खड़ी करना, मोटर सायकल में तीन सवारी वाहन में रिफ्लेक्टर ग्लास नही होना, वाहन का हेड लाईट आधा काला नहीं होना, बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाना, बिना हेलमेट वाहन चालाना, मौके पर वाहन का कागजात पेश नही करना, पार्किंग लाईट का नही होना अलग-अलग धाराओं के तहत कुल 91 वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही कर 27 हजार 300 रूपए का समन शुल्क लिया गया है।

### जान से मारने की धमकी देकर किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा। जान से मारने की धमकी देकर दैहिक शोषण कर अश्लील फोटो-वीडियो व्हाट्सएप में वायरल करने वाले आरोपी को चांपा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता ने थाना चांपा में रिपोर्ट दर्ज कराई की आरोपी रंजन नायक से उसकी जान पहचान थी, इस दौरान 28 जुलाई को वह घर पर अकेली थी, तभी आरोपी द्वारा घर आकर धमकी देते हुए जबरदस्ती दैहिक शोषण किया और फोटो-वीडियो बना लिया किसी को बताओगी तो जान से मारने की धमकी देते हुए फोटो वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। पीड़िता डर से किसी को नही बताती थी। आरोपी द्वारा पीड़िता को धमकी देते हुए पैसे की मांग करने लगा नही देने पर आरोपी ने वीडियो, फोटो को व्हाट्सएप ऐप के माध्यम से वायरल कर दिया। रिपोर्ट पर थाना चांपा में आरोपी के विरुद्ध धारा 376 (2) ढ 506, 509 ख भादवि. कायम कर विवेचना में लिया गया।

### कम्प्यूटर सेंटर में लगी आग, मचा हड़कंप

चांपा। चांपा के लायंस चौक स्थित नाईस टेक कम्प्यूटर सेंटर में अचानक लग गई। देखते ही देखते आसपास के इलाके में हडकंप मच गया। घटना में कम्प्यूटर सेट समेत लाखों का माल जलकर खाक हो गया। घटना शार्ट सर्किट के चलते होने की आशंका जताई जा रही है। वहीं दमकल की मदद से आगजनी पर काबू पाया गया। ज्ञात हो कि चांपा शहर के लायंस चौक में नाईसटेक कम्प्यूटर सेंटर का संचालन राहुल पत्की द्वारा किया जा रहा है। जहां कम्प्यूटर की पढ़ाई लिखाई करने के लिए ना केवल चांपा शहर बल्कि आसपास गांव के लोग बड़ी संख्या मे पहुंचते है।

## कलेक्टर ने ली निर्माण एजेंसियों की बैठक

### गुणवत्तापूर्ण कार्य के साथ समय अवधि में पूरा करने के निर्देश



जशपुरनगर। कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष कक्ष में पीडब्ल्यूडी, पीएमजेएसवाई और एनएच जैसे निर्माण एजेंसियों की बैठक ली। बैठक में पीडब्ल्यूडी, पीएमजेएसवाई, एनएच के कार्यपालन अभियंता उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने सड़क निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और गुणवत्तापूर्ण कार्य कर समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्य में अवरोध उत्पन्न होने पर अवगत कराने कहा तथा यथाशीघ्र अवरोध का निराकरण करते हुए कार्य में प्रगति लाने की बात कही। साथ ही जिन कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है उनकी निविदा की कार्रवाई पूर्ण कर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

## अभाविप के विभाग संयोजक बने गुलशन



पत्थलगांव। विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सरगुजा विभाग के विभाग संयोजक बने छात्रों के आवाज गुलशन पांडेय दिल्ली में हो रहे राष्ट्रीय अधिवेशन में गुलशन पांडेय को बनाया गया विभाग संयोजक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में गुलशन पांडेय अपने स्कूली समय से ही कार्य कर रहे है छात्राओ की कई समस्याओं का समाधान कराते आ रहे गुलशन पांडेय कई बड़े बड़े प्रदेश के आंदोलन में भी शामिल हुए है गुलशन पांडेय पूर्व में नगर मंत्री, नगर उपाध्यक्ष , प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, जशपुर जिले का नेतृत्व जिला संयोजक जैसे दायित्वों का निर्वहन करते हुए उन्हें राष्ट्रीय अधिवेश दिल्ली मे पूरे सरगुजा विभाग की जिम्मेदारी दी गई अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सरगुजा संभाग के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर देखने को मिली दिल्ली में जैसे ही उनके दायित्व का घोषणा हुआ उसके बाद लगातार कार्यकर्ताओं के द्वारा बधाई मिलना भी शुरु हो गया।

## समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचाने विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

भारत सरकार द्वारा प्रमुख योजनाओं की संतृप्तीकरण के लिए आउटरीच गतिविधयों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इससे योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जा सके। भारत सरकार और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं- स्वच्छ भारत मिशन, आवश्यक वित्त पोषण सेवाएं, एलपीजी कलेक्शन, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छ पेयजल सुविधा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आदी जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के लिए तथा प्रमुख योजनाओं व मिशन के माध्यम से संतृप्ति के लिए सभी लक्षित और पात्र लाभार्थियों के लिए आवश्यक सेवाएं सुलभ बनाने हेतु जागरूकता सुनिश्चित करना होगा। ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच को सुगम बनाया जा सके।

■ केन्द्र सरकार के सहयोग से होगा प्रारंभ

उक्त उददेश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा भारत सरकार द्वारा राज्यों के सहयोग से प्रारंभ की जा रही है। जिले के दूरस्थ क्षेत्रों के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को पहुचाने के लिए 05 प्रचार-प्रसार वैन के माध्यम से योजनाओं जानकारी लोगों को दी जाएगी।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा का उदेदश्य

भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा का उदेदश्य प्रमुख योजनाओं का लाभ, लक्षित लाभार्थियों, खास तौर से वंचित व असंतृप्त लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने का है। योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर जागरूकता लाना है, नागरिकों से सीखना, लाभार्थियों के व्यक्तिगत कहानियों अनुभव साझा करने के माध्यम से सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करना, यात्रा के दौरान प्राप्त विवरण के आधार पर संभावित लाभार्थियों का चयन करना है। इस यात्रा के लिए भारत सरकार द्वारा जिले को 05 आईईसी वैन दिया जाएगा। जिसमें प्रोग्राम का आयोजन करने हेतु एलईडी टीवी, माईक, स्वीकर, बुकलेट्स, क्वीज हेतु पुरस्कार, कार्यक्रम हेतु संपूर्ण आडियो विजुअल, बैनर-पोस्टर आदि उपलब्ध कराई जाएगी। जिले के ग्रामीण क्षेत्र में प्रचार-प्रसार वैन की सूची के अनुसार होगी तथा शहरी क्षेत्र में प्रचार-प्रसार हेतु पृथक से वैन उपलब्ध रहेगें। प्रदेश में यात्रा के आयोजन हेतु राज्य, जिला, शहरी स्थानीय निकायों और ग्राम पंचायतों में विस्तृत कार्य योजना तैयार किया जायेगा। इसके लिए विभिन्न स्तरों पर नोडल अधिकारियों का नामांकन, उत्तरदायित्व के निर्वहन, समन्वय समितियों का गठन, तैनात अधिकारियों का प्रशिक्षण, वैन के रूट चार्ट, कार्यक्रम का तिथि एवं स्थल का निधारण, जागरूकता एवं प्रचार प्रसार एवं सफल आयोजन हेतु अन्य आवश्यक तैयारी की जाएगी। इस यात्रा हेतु जिला स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा।

## तालाब में डूबा युवक, 24 घंटे बाद भी गोताखोर के हाथ खाली

जांजगीर-चांपा। नगर पंचायत बलौदा स्थिति घुन्नी तालाब में नहाने गया युवक गहरे पानी में चला गया। घटना के 24 घंटे बाद भी लापता युवक का पता नहीं चल पाया है। वहीं युवक की तलाश करने गोताखोरों की मदद ली जा रही है। इस संबंध में बलौदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना रविवार 10 दिसंबर की दोपहर की है। नगर पंचायत बलौदा के वार्ड क्रमांक 5 निवासी आनंद तंबोली उम्र 22 साल बलौदा स्थित धुन्नी तालाब गया हुआ था। जहां नहाते वक्त वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। काफी देर तक युवक तालाब से बाहर नहीं निकला तो इस बात की जानकारी आसपास के लोगों द्वारा परिजन एवं पुलिस को दी गई। तत्पश्चात परिजन एवं पुलिस मौके पर पहुंचे एवं तालाब में डूबे युवक की पतासाजी में जुट गए। काफी देर तक जब युवक आनंद पानी से बाहर नहीं निकला तो इसे लेकर बलौदा पुलिस द्वारा एसडीआरएफ की टीम को सूचना दी गई।

## एन ई एस में परिक्षेत्र स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन

# फाइनल में पत्थलगांव कॉलेज ने अंबिकापुर को हराया





जशपुर । शहर के एन ई एस महाविद्यालय में मंगलवार को परिक्षेत्र स्तरीय पुरुष खो खो प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। फाइनल मुकाबले में शासकीय महाविद्यालय पत्त्थलगांव ने शासकीय महाविद्यालय अम्बिकापुर को हराया। प्रतियोगिता के आधार पर चयनकर्ताओं द्वारा राज्यस्तरीय एवं सरगुजा विश्वविद्यालय के लिए टीम का चयन किया गया।


प्रतियोगिता का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य डॉ विजय रक्षित ने करते हुए टीमों को शुभकामनाएं देते हुए खेल भावना के साथ अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की बात कही। आयोजन में सरगुजा संभाग से नौ टीमों ने भाग लिया। इसमें एन ई एस महाविद्यालय सहित पत्थलगांव, सूरजपूर, अंबिकापुर,मनेंद्रगढ़, वाड्रफनगर, बैकुंठपुर के शासकीय महाविद्यालय की टीमें शामिल रहीं। इसके साथ ही अंबिकापुर के अशासकीय सरस्वती महाविद्यालय एवं साई बाबा महाविद्यालय की टीमें भी प्रतियोगिता में शामिल हुए। आयोजक शासकीय राम भजन राय एन ई एस महाविद्यालय सेमीफाइनल में शासकीय पीजी कॉलेज अंबिकापुर से हार गई। फाइनल मुकाबला शासकीय महाविद्यालय पत्थलगांव और शासकीय पीजी महाविद्यालय अंबिकापुर के बीच हुआ जिसमें शासकीय कॉलेज पत्थलगांव विजेता रही। प्रतियोगिता के समापन समारोह में विजेता एवं उपविजेता टीम को प्राचार्य डा. विजय रक्षित के द्वारा ट्राफी प्रदान किया गया। प्राचार्य डा.रक्षित ने मैच रैफरी घनश्याम, राजकिशोरी , प्रतिमा खेस,शोभा राठिया एवं चयन समिति के संयोजक एस केरकेट्टा, क्रीड़ा अधिकारी शासकीय कन्या महाविद्यालय जशपुर एवं सदस्य अशोक, क्रीड़ा अधिकारी, शासकीय महाविद्यालय, वाड्रफनगर को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में एन ई एस कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक यू एन लकड़ा,ए आर बैरागी, डा ए के श्रीवास्तव, डी आर राठिया, जे आर भगत सहित सहायक प्राध्यापक वरुण श्रीवास,गौतम सूर्यवंशी और सभी प्राध्यापकगणों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। यह प्रतियोगिता महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी मनोरंजन कुमार की संगठन व्यवस्था में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## तुस्मा का नर्सरी ग्राउंड रात में बन जाता है ओपन बार, हो रही परेशानी



तुस्मा। ग्राम तुस्मा का नर्सरी ग्राउंड इन दिनों शराबियो का अड्डा बन गया है। रात होते ही मैदान में जाम छलकने लगता है। वहीं शराब पीने के बाद लोग डिस्पोजल एवं बाटल को वहीं पर फेंक देते है। जिससे उक्त स्थल पर गंदगी का साम्राज्य स्थापित हो गया है।

नवागढ़ ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत तुस्मा के नर्सरी ग्राउंड में इन दिनों रात होते ही शराबियों का जमावड़ा हो जाता है। जहां लोग मोटर साइकिल में सवार होकर चखने के साथ मैदान में बड़ी संख्या में शराब पीने के लिए दाखिल होते है। और नर्सरी ग्राउंड में आराम से बैठकर शराब पीने का आनंद लेते है। दुख की बात यह है कि इन्हें कोई रोकने टोकने वाले नही है। जिसकी वजह से इन शराबियो के हौसले बुलंद है। वैसे तो खेल मैदान गांव के बच्चो, व युवा वर्ग खेल का अभ्यास करते है, लेकिन शाम ढलते ही शराबियों का हुजूम उमड़ पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है जिस तरह से सत्ता परिवर्तन होते ही चखना सेंटरो में प्रशासन की बुलडोजर चली है जिसके बाद से चखना सेंटर पूरी तरह से बंद हो चुका है। ठीक ऐसे ही जिम्मेदार विभाग द्वारा यदि एक से दो दिन मैदान में शराब पीने वालों पर कार्यवाही की जाए तो यहां भी शराबियों का हुजुम नहीं लगता। एक तरफ जहां बच्चो को खेल कूद में आगे बढ़ाने की बात सुर्खियों में चल रही है तो वहीं दुसरी तरफ बच्चों की प्रतिभा को दबाने के लिए शराबियों द्वारा कोई कसर नहीं छोड़ रहे है।



# 'वॉर 2' की तैयारियों में जुटेंगे जूनियर एनटीआर

**मुंबई।** जूनियर एनटीआर को आखिरी बार राम चरण के साथ फिल्म 'आरआरआर' में देखा गया था। मौजूदा वक्त में वह 'देवरा' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसके अलावा एनटीआर 'वॉर 2' का हिस्सा हैं। ताजा खबर यह है कि एनटीआर अगले साल मार्च-अप्रैल में 'वॉर 2' की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। इस फिल्म में ऋतिक रोशन मेजर कबीर के किरदार में लौटेंगे। फिल्म में ऋतिक और एनटीआर के बीच जबरदस्त भिड़ंत देखने को मिलेगी। फिल्म के निर्देशन की कमान अयान मुखर्जी को सौंपी गई है। यह फिल्म 2025 में 14 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। 'वॉर 2' में एनटीआर को पहले कभी नहीं देखे गए अवतार में देखा जाएगा।



## लाइफ Style

# रश्मिका

## अब पुष्पा 2 की तैयार में जुटीं

इन दिनों रश्मिका मंदाना रणबीर कपूर के साथ अपनी फिल्म 'एनिमल' की सफलता को एंजॉय कर रही हैं। फिल्म लगातार बॉक्स ऑफिस के बड़े-बड़े रिकॉर्ड्स तोड़ रही है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

फिल्म में दर्शकों को रश्मिका का काम बहुत पसंद आ रहा है। वहीं रणबीर कपूर संग सुपहिट फिल्म एनिमल देने के बाद अब रश्मिका ने अपनी अगली फिल्म के लिए कमर कस ली है। जी हां, खबर आई है कि एनिमल की जबरदस्त सफलता के तुरंत बाद अब रश्मिका 13 दिसंबर से हैदराबाद में अपनी ब्लॉकबस्टर फ्रेंचाइजी पुष्पा 2ः द रूल की शूटिंग शुरू कर देंगी। वो फिल्म में अल्लू अर्जुन के साथ श्रीवल्ली की अपनी आइकॉनिक भूमिका को रिप्राइज करेंगी। बता दें, रश्मिका ने एनिमल में गीतांजलि का किरदार निभाकर ऑडियंस का दिल जीत लिया है। वहीं अल्लू अर्जुन को भी एनिमल खूब पसंद आई। हाल ही में उन्होंने फिल्म का रिव्यू किया था, जहां उन्होंने फिल्म के सभी किरदारों की जमकर तारीफ की।

रश्मिका मंदाना के बारे में उन्होंने कहा कि 'अभी तक का आपका ये बेस्ट परफॉर्मेंस था। आप फिल्म में ब्रिलियंट और काफी आकर्षित लगी हैं। वहीं पुष्पा 2ः द रूल के अलावा, रश्मिका मंदाना फिमेल ओरिएंटेड फिल्म द गर्लफ्रेंड में भी नजर आएंगी।

## हॉलीवुड मसाला



# मेरा वश चलता तो मुंह तोड़ देती

**नई दिल्ली।** जेम्स कैमरून की आइकॉनिक फिल्म 'टाइटैनिक' को रिलीज हुए आज 25 साल से ज्यादा हो गए हैं। इस फिल्म ने उस वक्त बॉक्स -ऑफिस पर तहलका मचा दिया था और आज भी इस फिल्म का जादू कायम है। इस फिल्म में लीड रोल अदा कर चुकी केट विंसलेट ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में कहा फिल्म के लिए उन्हें काफी बॉडी-शेम किया गया था। वह कहती हैं कि लोगों के कमेंट्स सुनकर ऐसा लगता था कि उनके मुंह तोड़ दूं। केट विंसलेट आगे कहती हैं "जाहिरा तौर पर, मैं बहुत मोटी थी।



# कॅरियर संवारने केंडल जेनर और डेविन बुकर ने तोड़ा रिश्ता

**लॉस एंजिलस।** कार्दशियन-जेनर सिस्टर्स में से एक केंडल जेनर और उनके बॉयफ्रेंड डेविन बुकर का ब्रेकअप हो गया है। केंडल अमेरिकी सुपरमॉडल हैं। उनकी दुनियाभर में काफी अच्छी फॉलोइंग हैं। वहीं, डेविन एनबीए प्रो यानी बास्केटबॉल चैंपियन हैं। ब्रेकअप की खबरों से पहले दोनों साथ में स्पॉट में हुए थे। अमरीकी मॉडल केंडल और बुकर ने रिपोर्ट के मुताबिक, केंडल जेनर और डेविन बुकर के अलग होने की वजह का उनके करीबी सूत्र ने किया है। दोनों अपने काम की वजह से अलग हुए हैं। सूत्र ने खुलासा करते हुए कहा, केंडल जेनर और डेविन बुकर अपने करियर को प्राथमिकता देना चाहते हैं और रिश्ते को प्राथमिकता देना दोनों के लिए मुश्किल हो रहा था। सूत्र ने कहा कि केंडल जेनर को घर बसाने में कभी दिलचस्पी नहीं थी। वह हमेशा अपने करियर और अपने पर केंद्रित रही हैं।



# 'टॉक्सिक' में नजर आएंगी श्रुति हासन...

**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री श्रुति हासन दक्षिण भारतीय फिल्म स्टार यश की आने वाली फिल्म 'टॉक्सिक' में काम करती नजर आएंगी। हाल ही में यश की आने वाली फिल्म टॉक्सिक का ऐलान हुआ है। इस फिल्म का ऐलान करते हुए मेकर्स ने एक जबरदस्त एनाउंसमेंट टीजर वीडियो जारी किया था। इस फिल्म में श्रुति हासन की एंट्री हो चुकी है। फिल्म का टाइटल, 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' ने दर्शकों के बीच चर्चा कर दी है। गीतू मोहनदास द्वारा निर्देशित और केवीएन प्रोडक्शंस और मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस द्वारा सह-निर्मित, 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' 10 अप्रैल 2025 को रिलीज होगी।



# प्रभास की 'सालार' को ' ए' सर्टिफिकेट

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता प्रभास पिछले काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'सालारः पार्ट 1 सीजफायर' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं, जिसका निर्देशन प्रशांत नील ने किया है। 1 दिसंबर को फिल्म का दमदार ट्रेलर जारी किया गया था। ताजा खबर है कि प्रभास की 'सालार' को सेंसर बोर्ड से ' ए' सर्टिफिकेट मिला है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म 2 घंटे और 55 मिनट की होगी। इसकी टक्कर शाहरुख खान की 'डंकी' से होगी। 'सालार' में पृथ्वीराज सुकुमारन, श्रुति हासन, जगपति बाबू, ईश्वरी राव, टीनू आनंद, श्रिया रेड्डु और माइम गोपी भी नजर आएंगे। इसके अलावा फिल्म में 'गदर 2' में दिखाई दीं अभिनेत्री सिमरत कौर भी एक गाने में नजर आएंगी। फिल्म 22 दिसंबर को तेलुगु, मलयालम, तमिल, कन्नड़ और हिंदी में रिलीज होगी।

## टीवी मसाला



# झाड़-पोछा से लेकर धोए एक्टर्स के कपड़े, 'श्री कृष्णा' ने बदली किस्मत

**नई दिल्ली।** रामायण 'महाभारत' के बाद रामानंद सागर कृत टीवी शो 'श्री कृष्णा' भी दर्शकों द्वारा खूब पसंद किया जाता था। इस शो में वासुदेव की भूमिका एक्टर सुनील पांडे ने निभाई थी। हालांकि इस बात से बेहद कम लोग वाकिफ हैं कि उन्हें ऑडीशन के दौरान रावण की स्क्रिप्ट दी गई थी लेकिन बाद में वासुदेव बनकर दर्शकों पर छा गए थे। बता दें कि सुनील के बिहार के चंपारण जिले के रहने वाले हैं। बॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री में वो किसी को नहीं जानते थे, लेकिन एक्टिंग के जुनून ने उन्हें यहां तक पहुंचाया। आज वह टीवी इंडस्ट्री से लेकर टॉलीवुड, बॉलीवुड और हॉलीवुड के चेहेते स्टार हैं। इस मुकाम तक पहुंचने के लिए सुनील को काफी संघर्षों का सामना करना पड़ा था। अपने सपने को पूरा करने के लिए सुनील ने वो सब काम किया जो आम इंसान करता है। सुनील पांडे के जुनून को उनके पिता समझ रहे थे। बेटे के ख्वाब को पूरा करने के लिए उनके पिता ने साथ दिया। एक इंटरव्यू के दौरान सुनील ने बताया था कि एक दिन उनके पिता ने भी बोल दिया कि इसके लिए तुम मुंबई चले जाओ। पिता के ऐसा बोलने पर सुनील ने मुंबई का रुख किया, जहां पर उन्हें लंबे संघर्षों का सामना करना पड़ा। इंटरव्यू के दौरान सुनील ने बताया था कि जब वह मुंबई पहुंचे तो शुरुआत में उन्हें झाड़-पोछा का काम मिला। कई बार उन्हें एक्टर्स के कपड़े धोने व आयरन करने को भी कहा जाता था। काफी मेहनत के बाद उन्हें धीरे-धीरे पृथ्वीराज थिएटर के नाटकों में छोटे-मोटे रोल मिले, तभी उनकी मुलाकात गोविंद पुरी से हुई। गोविंद पुरी ने ही सुनील को राजश्री प्रोडक्शन की फिल्म 'नदिया के पार' में काम करने का मौका दिया। इस फिल्म में वो अभिनेता सचिन पिलगांवकर के दोस्त दशरथ के रोल में नजर आए थे।

श्री कृष्णा के ऑडिशन के लिए उन्हें फिर रावण के डायलॉग को महात्मा-गांधी, जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी जैसे स्टाइल में बोलने के लिए कहा गया। ऑडिशन में पास होने के बाद सुनील को 'वासुदेव' का किरदार मिला। रामानंद सागर के 'कृष्णा' के अलावा 'अलिफ लैला' में भी काम किया है।

**अब 30 साल से कहां हैं 'वासुदेव'**

# क्या अब फुलेरा गांव छोड़ देंगे सचिव जी? 'पंचायत 3' का फर्स्ट लुक हुआ आउट

मुंबई। वेब सीरीज पंचायत के हर सीजन को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला है। पंचायत के दोनों सीजन से जितेंद्र कुमार ने सचिव रोल से ऑडियंस के दिलों में खास जगह बना ली है। वहीं मेकर्स ने फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ाते हुए फाइनली इस सीरीज के तीसरे सीजन का फर्स्ट लुक जारी कर दिया है जिसे दर्शकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है।

### क्या दिखाया गया है फर्स्ट लुक में

पहली तस्वीर में शो में सचिव का रोल प्ले करने वाले एक्टर जितेंद्र कुमार अपनी आइकॉनिक बाइक पर बाइक पर सवार हुए हुए नजर आ रहे हैं। वे पीठ पर बैग लिए हुए और काला चश्मा लगाए फुल स्वैग में दिख रहे हैं। वहीं दूसरी फोटो में अशोक पाठक (बिनोद) के साथ सीजन 2 के उनके साथी दुर्गेश कुमार और बुल्लू कुमार की झलक देखने को मिली है। तीनों एक बेंच पर बैठे हुए नजर आ रहे हैं।




### नीना गुप्ता ने की शूटिंग पूरी

बता दें कि 'पंचायत' में मंजू देवी का किरदार निभाने वाली नीना गुप्ता ने तीसरे सीज़न की शूटिंग पूरी की थी। उन्होंने सेट से रैपअप की एक वीडियो पोस्ट की थी जिसमें शो के कलाकारों और क्रू के साथ केक काटने की रस्म भी शामिल थी। वीडियो में रघुबीर यादव (बृज भूषण दुबे), चंदन रॉय (विकास), सांविका (रिंकी), फैसल मलिक (प्रह्लाद पांडे) भी नजर आए। इसे साझा करते हुए, नीना गुप्ता ने लिखा, "पंचायत के तीसरे सीज़न का रैपअप!

**एक्ट्रेस बोलीं- 'मेरी रातों की नींद उड़ गई है...'**

# एनिमल को मिली सक्सेस के बाद बदल गई तृप्ति डिमरी की लाइफ

**मुंबई।** संदीप रेड्डी वांगा की 'एनिमल' बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ परफॉर्म कर रही है। फिल्म में रणबीर कपूर और बॉबी देओल की दमदार एक्टिंग की तो खूब तारीफ हो ही रही है वहीं तृप्ति डिमरी भी 'एनिमल' की रिलीज के बाद से सुर्खियों में छाई हुई हैं। फिल्म में रणबीर कपूर के साथ उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री ने काफी लाइमलाइट बटोरी है। यहां तक कि उन्हें नेशनल क्रश का टैग भी मिल गया है। वहीं अब एक्ट्रेस ने 'एनिमल' को मिल रही सक्सेस को लेकर बात की है।

### लोगों का प्यार मिल रहा

एक इंटरव्यू में तृप्ति डिमरी ने कहा, "मुझे लोगों से बहुत प्यार मिल रहा है, जो हमेशा खास खूबसूरत एहसास होता है। तृप्ति ने मेंशन किया कि उनका फोन लगातार बज रहा है, और सभी से मिल रहे इतने प्यार की वजह से उन्हें रातों की नींद भी उड़ गई है। मुझे बहुत प्यार मिल रहा है जो हमेशा एक अच्छा एहसास होता है। तृप्ति डिमरी ने अपने को-एक्टर रणबीर कपूर की भी खूब तारीफ की। उन्होंने कहा, "आप उनकी जो भी फिल्म देखते हैं, वह बहुत अच्छी होती है।



### रश्मिका सबसे प्यारी इंसान

तृप्ति ने एनिमल की लीड एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना को सबसे प्यारी इंसान बताया। तृप्ति ने कहा, "आमतौर पर, जब फिल्म में दो एक्ट्रेस होती हैं, तो हमेशा वह एनर्जी होती है कुछ भी नहीं था वह बहुत शानदार थी। वहीं एनिमल की बात करें तो फिल्म को संदीप रेड्डी वांगा ने डायरेक्ट किया है। ये फिल्म 1 दिसंबर, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी **एनिमल की ये है स्टार कास्टः** 'एनिमल' में रणबीर कपूर अनिल कपूर, बॉबी देओल रश्मिका मंदाना और तृप्ति डिमरी सहित कई कलाकार ने अहम रोल प्ले किया है। 'एनिमल' बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ा रही है। रिलीज के 10 दिनों में ये फिल्म 400 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर चुकी है। वहीं वर्ल्डवाइड भी ये फिल्म 660 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है।

## नानी और मृणाल ठाकुर की फिल्म, बाप-बेटी की जिंदगी के खूबसूरत रिश्ते की कहानी

# वीकेंड पर चला साउथ का जलवा! 'सैम बहादुर' को पछाड़ नानी की 'हाय नन्ना' ने की धमाकेदार कमाई

साउथ फिल्म 'हाय नन्ना' बॉक्स ऑफिस पर शानदार परफॉर्मेंस दे रही है। फिल्म में एक्टर नानी और मृणाल ठाकुर की ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री दर्शकों को काफी पसंद आ रही है। ऐसे में दर्शक फिल्म को अपना भरपूर प्यार दे रहे हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

फिल्म 7 दिसंबर को थिएटर्स में रिलीज हुई थी और पहले दिन ही इसने 4.9 करोड़ रुपए की ओपनिंग की थी। वहीं अब फिल्म को रिलीज हुए 4 दिन हो गए हैं और इन चार दिनों में इसने 25 करोड़ से ज्यादा का कारोबार कर लिया है।बॉक्स ऑफिस की रिपोर्ट की मानें तो 'हाय नन्ना' ने जहां पहले दिन 4.9 करोड़ रुपए कमाए थे तो वहीं दूसरे दिन फिल्म का कलेक्शन 4.05 करोड़ रहा था। तीसरे दिन फिल्म को वीकेंड का फायदा मिला और इसने 7.6 करोड़ का शानदार बिजनेस किया। वहीं अब चौथे दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं जिसके मुताबिक फिल्म ने संडे को 8.5 करोड़ रुपए कमाए हैं। इसी के साथ फिल्म का टोटल कलेक्शन 25.05 करोड़ रुपए हो गया है।




### हाय नन्ना ने दी 'सैम बहादुर' को शिकस्त

बता दें कि 'हाय नन्ना' ने अपने चौथे दिन के कलेक्शन में विक्की कौशल की बायोग्राफिकल फिल्म 'सैम बहादुर' को मात दे दी है। 'सैम बहादुर' 1 दिसंबर को थिएटर्स में रिलीज हुई थी। फिल्म शुरुआत से ही अच्छा कलेक्शन कर रही है। रिलीज के सेकेंड संडे (10वें दिन) भी 'सैम बहादुर' ने 7.50 करोड़ रुपए की कमाई की है। यह कलेक्शन नानी की 'हाय नन्ना' से कम है जिसने 8.25 करोड़ रुपए का कारोबार किया है।

### फिल्म की कहानी और स्टारकास्ट

नानी और मृणाल ठाकुर की फिल्म 'हाय नन्ना' की स्टोरीलाइन दर्शकों का दिल जीत रही है। यह बाप-बेटी की जिंदगी के खूबसूरत रिश्ते की कहानी है। फिल्म में मृणाल ठाकुर के अलावा श्रुति हासन भी अहम किरदार निभाती नजर आई है।

## खबर संक्षेप

### ट्रक की टक्कर से बाल-बाल बचे चिकित्सक, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** परिवार के साथ गृह ग्राम कार से जा रहे चिकित्सक की कार को पीछे से आ रहे ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कार क्षतिग्रस्त हो गई वहीं सवार चिकित्सक समेत सवार बाल-बाल बच गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार गांधीनगर वार्ड क्रमांक 2 निवासी डॉ. विनोद कुमार पैकरा आ. स्व. एसपी पैकरा सीतापुर सीएचसी में चिकित्सा अधिकारी के पद पर पदस्थ है। रविवार को परिवार के साथ कार क्रमांक सीजी 15 डीएम 1588 से गृह ग्राम सीतापुर जा रहे थे। जैसे ही खरसिया नाका के समीप पहुंचे तभी रेड सिग्नल होने पर वाहन रोक दी। कुछ समय बार जब सिग्नल खुला और सड़क पार करने लगे तभी पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीएफ 5571 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए कार को टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त हो गई जबकि सवार बाल-बाल बच गए। चिकित्सक ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने ट्रक चालक के विरूद्ध धारा 279 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**अम्बिकापुर।** मोड के समीप बाइक खड़ा कर मोबाइल से बात कर रहे युवक को विपरीत दिशा से आ रहे कार चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम जयपुर निवासी राजेश गढवाल आ. राम रमेश्वर गढवाल रविवार को ग्राम परसोढ़ी के समीप मोड पर बाइक क्रमांक सीजी 15 सी 0526 को खड़ा कर मोबाइल से बात कर रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे कार क्रमांक सीजी 15 डीजेड 1118 का चालक शंकर दास लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी

## कछुआ चाल से चल रहा निर्माण कार्य

# पांच वर्षों में पूरा नहीं हो सका छात्रावास भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

बच्चों का भविष्य उज्जवल हो और पढ़ाई कर अपने साथ परिवार का नाम रौशन करें इसे लेकर शासन प्रशासन द्वारा कई योजनाएं संचालित की जा रही है साथ ही बच्चों की पढ़ाई में किसी प्रकार की परेशानी न हो इसे ध्यान में रखकर छात्रावास भवन की सुविधा उपलब्ध कराने भवन का निर्माण कराया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि ग्राम पंचायत चंदरपुर के चंपक नगर में ढाई सौ बिस्तीय छात्रावास का निर्माण कार्य शुरू हुए पांच साल हो गई परंतु आज तक भवन पूर्ण नहीं हो सकी। आलम यह है कि भवन बनने से पहले ही अब जर्जर होने लगी है। कहीं छत का प्लास्टर उखड़ कर गिर रहा है तो कहीं सीढ़ी में लगाए गए छड़ दिखने लगा है। ऐसे में भवन निर्माण की गुणवत्ता पर भी सवाल उठने लगे है। जिस तरह से छात्रावास भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है उससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि बच्चों को छात्रावास की सुविधा के लिए अभी और भी लंबा इंतजार करना पड़ सकता है।

**खास बात**

- बनने से पहले छात्रावास होने लगे जर्जर



चम्पकनगर का आधा-अधूरा छात्रावास।

लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग पांच वर्ष पूर्व रामानुजनगर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत चंदरपुर के चंपकनगर में करोड़ों की लागत से एक छात्रावास का निर्माण कराया जा रहा है। परंतु आज तक छात्रावास पूर्ण नहीं हो सका। छात्रावास निर्माण का कार्य अभी तक अधर में है। लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग 5 वर्षो से पंचायत में छात्रावास भवन का निर्माण कराया जा रहा है। करोड़ों रुपये की लागत से बन रहे छात्रावास निर्माण पूरा होने से पहले ही बदतर हालत हो गई है। अधिकारियों की लापरवाही के कारण भवन में हुए गुणवत्ताहीन कार्य की पोल खुलने लगी है। मानकों को दरकिनार कर छात्रावास भवन निर्माण पूरा होने से पहले ही घटिया निर्माण को बयां कर रही है। भवन निर्माण का पूर्ण होने से पहले ही जगह-जगह दीवारों में दरारें आ गई हैं। इधर सीमेंट पर्याप्त मात्रा में उपयोग नहीं करने से दरारों को छूने पर सीमेंट भरभरा के गिर जाती है। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि छात्रावास भवन निर्माण में किस तरह से गुणवत्ता का ध्यान रखा गया है।

### जिले के स्कूल भवन की हालत दयनीय

जिले में अधिकांश स्कूल भवन की हालत जर्जर है। जिले में कई स्कूल भवन ऐसी है जो हादसे को दावत दे रहे हैं। तमाम शिकायतों के बावजूद आज तक किसी प्रकार की पहल नहीं हो सकी है। पिछले वर्ष ही एक स्कूल भवन की छत भरभरा कर ढह गई इसके बावजूद अन्य स्कूल भवन को लेकर कोई गंभीर नजर नहीं आ रहा। ऐसे में जर्जर भवन के कारण कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

### गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य

छात्रावास भवन निर्माण कार्य को लगभग छह साल लग जाने के बाद भी गुणवत्ता के मानक का ख्याल नहीं रखा गया है। सीमेंट पर्याप्त मात्रा में उपयोग नहीं करने से पकड़ी काफी कमजोर है। इधर छड़ भी घटिया स्तर का उपयोग में किया गया। देखरेख के अभाव के कारण महज 8 एमएम छह का उपयोग जो छात्रावास भवन की मजबूती के लिए उपयुक्त नहीं है।

### ठेकेदार बदलने से हुई देरी

छात्रावास भवन का निर्माण पांच वर्ष पूर्व शुरू किया गया था। इस बीच अब तक भवन निर्माण के लिए दो से तीन ठेकेदार बदल चुके है जिस कारण भवन निर्माण पूर्ण होने में देरी हुई है।

-महादेव लहरे
मुख्य कार्यपालन अधिकारी लोनि

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लटक रहा था ताला, शेड के नीचे कराया गया प्रसव

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक व नर्सिंग स्टाफ की लापरवाही से महिला को कड़ाके की ठण्ड के बीच अस्पताल के बाहर शेड के नीच ही बच्चे को जन्म देना पड़ा। जब प्रसव पीड़ा से तड़पती महिला को लेकर परिजन अस्पताल पहुंचे तो स्वास्थ्य केंद्र में ताला लटक रहा था। ऐसे में महिला का शेड के नीचे ही प्रसव कराया गया वहीं आज सुबह महिला को वार्ड में भर्ती कराया गया। इस घटना के बाद परिजन व ग्रामीणों में रोष का माहौल है। वहीं बीएमओ ने मामले में जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की बात कही है। बताया जा रहा है कि ग्राम बरतीकला निवासी प्रसूता को लेकर परिजन प्रसव के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे थे जहां जांच के बाद चिकित्सक ने उन्हें 6 से 7 घंटे का समय लगने की बात कही थी जिसके बाद परिजन प्रसूता को लेकर घर चले गए थे लेकिन देर रात महिला को प्रसव पीड़ा शुरू हो गई जिसके बाद मितानिन के सहयोग से परिजन प्रसूता को लेकर भोर में अस्पताल पहुंचे लेकिन अस्पताल में ताला लगा हुआ था। अस्पताल में चिकित्सक के साथ ही नर्सिंग स्टाफ मौजूद नहीं थे। ऐसे में मजबूरन अस्पताल के शेड के नीचे महिला का प्रसव मितानिन के सहयोग से कराया गया लेकिन इस घटना ने अस्पताल की कार्यशैली को सवालों के घेरे में लाकर खड़ा कर दिया है। आज सुबह अस्पताल पहुंचने के बाद महिला को अस्पताल के वार्ड में भर्ती कराया गया। फिलहाल जच्चा बच्चा की स्थिति सामान्य बताई जा रही है। इस मामले में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरतीकला के प्रभारी चिकित्सक डॉ. संजय पालेश्वर ने बताया कि एक सप्ताह के लिए नर्स संध्या पटेल की नाइट ड्यूटी लगाईं गई थी। नर्स रात को ड्यूटी पर आई थी लेकिन वे सुबह कितने बजे घर गई इसकी जानकारी उन्होंने नहीं दी है। प्रसव लिए परिजन के लिए महिला के परिज को सुबह बुलाया गया था। नर्स के मौजूद नहीं रहने की जानकारी मिलने की सूचना के बाद दूसरे नर्स को भेजकर प्रसव कराया गया है। वहीं बीएमओ डॉ. शशांक गुप्ता ने कहा कि अगर इस प्रकार की लापरवाही की गई है तो शिकायत प्राप्त होने के बाद संबंधित लोगों पर कार्रवाई की जाएगी।

- ग्राम बरतीकला का मामला, परिजन ने लगाया लापरवाही का आरोप

## समिति में धान खपाते दो कोचिया पकड़े गए, 235 बोरी धान बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिलों में धान खरीदी के दौरान अवैध रूप से बाहरी धान खपाने वालों पर कार्रवाई तेज कर दी गई है। आज प्रशासन की टीम द्वारा समिति में दो कोचियों को धान खपाते हुए पकड़ा गया है। इस दौरान टीम द्वारा 235 बोरियों में 94 क्विंटल धान जब्त किया गया है। इसके साथ ही अब तक जिले में छह प्रकरणों में 1058 क्विंटल धान जब्त किया जा चुका है। बता दें कि प्रदेश के साथ ही सरगुजा अंचल में धान खरीदी का कार्य 1 नवंबर से शुरू हुआ है। चुनाव व बेमौसम बारिश के कारण अब तक समितियों में धान की आवक तेज नहीं हुई है लेकिन कोचिए अपना धान खपाने के लिए सक्रिय हो गए है और बाहर धान बेचने का प्रयास किया जा रहा है। कोचियों को धान बेचने से रोकने के लिए कलेक्टर कुंदन कुमार द्वारा टीम का गठन किया गया है। टीम द्वारा समितियों में धान बिक्री के दौरान कोचियों व बिचौलियों पर निगरानी रखी जा रही है। इसी कड़ी में सोमवार को प्रशासनिक टीम केदमा समिति पहुंची थी जहां दो किसान 235 बोरी अवैध धान खपाते पकडे गए। टीम ने कोचिया सोमारू के पास से 64 क्विंटल व राम प्रसाद के पास से 30 क्विंटल धान जब्त किया है। इसके साथ ही अब तक जिले में 6 प्रकरण में 1058 क्विंटल अवैध धान जब्त कर कार्रवाई की गई है।

## सरगना समेत बाइक चोर गिरोह के चार आरोपी गिरफ्तार

अंबिकापुर। सरगुजा पुलिस ने बाइक चोरी के गिरोह को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनके पास से आठ नग बाइक बरामद किया है। गिरोह का सरगना एमपी से आकर किराए के मकान में रहता था और चोरी की घटना को अंजाम दे रहा था। गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार स्कूल रोड ठनगनपारा निवासी शुभम शर्मा 26 नवंबर को पीजी कॉलेज मैदान स्थित बास्केटबॉल मैदान में खेलने के लिए गया था। इस दौरान युवक ने अपनी बाइक ग्राउंड के बाहर खड़ी की थी। जब युवक खेल कर बाहर निकला तो उसकी बाइक चोरी हो गई थी। युवक द्वारा मामले की शिकायत पुलिस से की गई थी। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी को गंभीरता से लेते हुए एसपी सुनील शर्मा ने पुलिस टीम का गठन कर आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। एसपी के निर्देश पर एएसपी पुपलेश कुमार, सीएसपी स्मृतिक राजनाला के नेतृत्व में पुलिस व साइबर सेल की टीम द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। इस दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एमपी के सिहोर क्षेत्र का युवक अलग अलग मकानों में रहकर युवकों के साथ बाइक चोरी की घटना को अंजाम दे रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा एमपी सिहोर अंतर्गत बरछापुर निवासी युवक 26 वर्षीय राहुल विश्वकर्मा आ. शांतिलाल विश्वकर्मा को उसके किराए के मकान भगवानपुर कृष्णा नगर कालोनी से हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपने साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार कर ली। पुलिस ने आरोपी द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर डिगमा निवासी 24 वर्षीय सोनू किर्तनिया आ. सोना किर्तनिया, भफौली निवासी 24 वर्षीय मनबोध राम उर्फ एलेक्स पैकरा आ. कलम राम व सिलफिली निवासी 35 वर्षीय गोपी विश्वास आ. निताई विश्वास को गिरफ्तार कर आरोपियों के पास से 8 नग बाइक बरामद किया है।

- आरोपियों से आठ बाइक किए गए बरामद



### फसल बीमा वैन को हरी झंडी दिखाकर कलेक्टर ने किया रवाना

**सूरजपुर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत रबी वर्ष 2023-24 अंतर्गत आज कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा फसल बीमा सप्ताह आयोजित करने के लिए फसल बीमा वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत रबी फसलों में कृषकों के फसलों में बीमित राशि के 1.5 प्रतिशत प्रीमियम राशि प्रति हेक्टेयर के आधार पर फसल बीमा किया जाता है। जिले के लिए अधिसूचित फसलों में गेहूं सिंचित जिसका बीमित राशि रूपये 33 हजार के लिए 495 रुपये प्रीमियम राशि देय होगा। इसी प्रकार गेहूं असिंचित के लिए बीमित राशि रूपये 23 हजार एवं प्रीमियम राशि रूपये 345, चना बीमित राशि रूपये 31 हजार एवं प्रीमियम राशि रूपये 465, राई सरसों बीमित राशि रूपये 26 हजार एवं प्रीमियम राशि रूपये 390 एवं अलसी बीमित राशि रूपये 16 हजार एवं प्रीमियम राशि रूपये 240 निर्धारित है। फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर निर्धारित है। इस असवर पर कृषि विभाग के उप संचालक कृषि प्रदीप कुमार एक्का, सहायक संचालक कृषि डीएस पैकरा, संदीप सिन्हा, सहायक संचालक उद्यान जयपाल सिंह मरावी, जिला प्रतिनिधि फसल बीमा कंपनी नवीन शर्मा एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।



## खबर संक्षेप

### गुरु का आशीष लेने बनोरा आश्रम पहुंचे लालजीत

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ विधानसभा से तीसरी बार विधायक निर्वाचित हुए युवा नेता लालजीत सिंह राठिया ने सोमवार को अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा के संस्थापक बाबा प्रियदर्शी राम जी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। 3 दिसंबर को चुनाव जीतने के बाद भी लालजीत राठिया समर्थकों के साथ बनोरा आश्रम गए थे, लेकिन गुरुदेव के न होने से आशीर्वाद से वंचित रह गए थे। बाबाजी से विधायक ने क्षेत्रवासियों की खुशहाली सुख शांति समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा। लालजीत सिंह ने बाबा प्रियदर्शी राम जी का दर्शन प्राप्त कर अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा के स्थापित उद्देश्यों को सभी को अपने व्यवहारिक जीवन में उतारे जाने की आवश्यकता भी जताई।

### गृहमंत्री शाह ने अपना वादा पूरा किया: हरिप्रिया

**सारंगढ़।** भाजपा जिला प्रवक्ता अरविंद हरिप्रिया ने विष्णु देव साय के मुख्यमंत्री निर्वाचित होने पर विष्णु साय को तथा रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र की जनता को बधाई प्रेषित की है। हरिप्रिया ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह ने अपना वादा पूरा किया। अब छत्तीसगढ़ की डबल इंजन की सरकार मोदी की गारंटी को लागू करेगी। यह छत्तीसगढ़ महतारी के लिए ऐतिहासिक पल है जब डबल इंजन की सरकार मिलकर के भाजपा के संकल्प पत्र को लागू करेगी। पहली बाद छत्तीसगढ़ में भाजपा के अनुसूचित जनजाति वर्ग के मुख्यमंत्री के रूप में जमीन से जुड़े किसानों के हितैषी विष्णु साय जी को दायित्व दिया गया है इससे पूरे छत्तीसगढ़ में खुशी की लहर है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता बहुत ज्यादा उत्साहित है। अनेक बार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रहे विष्णु साय जमीन से जुड़े नेता हैं तथा उनके पास विधानसभा एवं लोकसभा के साथ ही भाजपा संगठन का भी लंबा अनुभव है। छत्तीसगढ़ के हर क्षेत्र से कार्यकर्ता उनसे सीधे तौर पर जुड़े हुए हैं। साय के सीएम बनने की खुशी सारंगढ़ में भी नजर आई।

### नवापारा टेण्डा समिति के प्रबंधक को हटाया

**रायगढ़।** शासन की महत्वाकांक्षी योजना धान खरीदी कार्य में लापरवाही बरतने के कारण कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में सहायक समिति प्रबंधक मनोहर प्रधान को सहायक समिति प्रबंधक के धारित पद से पृथक कर दिया गया है। उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला रायगढ़ के आजा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित टेण्डा नावापारा विकासखण्ड घरघोड़ा में कार्यरत सहायक समिति प्रबंधक मनोहर प्रधान द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के दौरान छग शासन के महत्वाकांक्षी योजना धान खरीदी कार्य में लापरवाही बरतने के कारण कृषकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। जिसके कारण कलेक्टर श्री गोयल के निर्देशानुसार उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं रायगढ़ के द्वारा जारी पत्र के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी सेवा सहकारी समिति मर्यादित को मनोहर प्रधान को पद से पृथक करने हेतु पत्र जारी किया गया था, जिसके परिपालन में प्राधिकृत अधिकारी सेवा सहकारी समिति मर्यादित द्वारा मनोहर प्रधान को प्रबंधक के पद से पृथक किया गया।

### केशापाली से कलमी तक सड़क निर्माण में गड़बड़ी

**पुसौर।** पुसौर जनपद क्षेत्र के ग्राम केशापाली से कलमी के शिवमंदिर तक मुख्यमंत्री सडक निर्माण योजना के तहत लगभग एक किमी लंबी रोड का निर्माण 32 लाख 6 हजार रूपए में स्वीकृत किया जाकर 4 सितम्बर से प्रारंभ किए जाने की जानकारी प्रकाश में आया है। जिसके निर्माण ऐजेन्सी की मनमानी चरम सीमा पर है और इसके लिये इसने रोड का निर्माण इस ढंग से कर रहा है कि उसके लगाए हुये गिट्टी सने डामर लगातार उखड रहा है जिसके कारण ग्रामीण जन निर्माण कार्य को रोक दिया है। उपस्थित समूचे ग्रामीणों की ओर से यहां के सरपंच आशीष कुमार गुप्ता ने बताया कि कुछ वर्ष पहले यह रोड बना हुआ था जिसके डामर को उखाडकर आसपास उक्त निर्माण ऐजेन्सी ने फैला दिया और उसके साथ कुछ मिट्टी मिला दिया ।

## जिले के हजारों लोगों का आशियाना और रोजगार है पहाड़

# इंटरनेशनल माउंटेन डे: वनोपज, औषधियों के संग्रहण से पहाड़ सैकड़ों को दे रहे रोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्रकृति की खूबसूरती को समेटे पहाड आज भी जिले के हजारों लोगों का आशियाना ओर रोजगार का साधन बने हुए हैं। पहाड़ों पर वैध व अवैध रूप से होने वाले खनन से जहां हजारों लोगों को रोजगार मिला है, वहीं दूसरी ओर लघु नवोपज, कंदमूल फल और जड़ी बूटियों का संग्रह जंगलों में रहने वाले आदिवासी और अन्य परिवारों की आय का प्रमुख साधन हैं।

जिले के जंगल और पहाड़ जैव विविधता से भरपूर हैं। यह वन्य जीवों के लिए सुरक्षित आवास मुहैया कराते हैं। यहां की अनुकूलता की वजह से ही गुफाओं और कंदराओं में वन्यजीव आश्रय पाते हैं। यहां के आदिवासी आज भी सैकड़ों साल पुरानी परंपराओं का निर्वहन करते आ रहे हैं। लैलूंगा के आदिवासी ग्राम निवासी राम विशाल गौड़ बताते हैं कि पहाड़ों में हम सैकड़ों आदिवासी कई पीढ़ियों से निवास करते हैं। यहां से मिलने वाली वनोपज से ही सैकड़ों लोगों की अजीविका चलती है। पानी के लिए हम लोग पहाड़ी नालों और झरनों पर ही आश्रित हैं। वनों की सुरक्षा के लिए हम हमेशा तैयार रहते हैं। क्षेत्र के राम खेलावन कहते हैं कि पहाड़ों में अवैध खनन से उन्हें बहुत नुकसान पहुंचाया गया है। उन्होंने बताया। क्षेत्र में दुर्लभ औषधियों की बहुलता है। उनके पहचान और संरक्षण की जरूरत है।



### पहाड़ों से नदियां बनती हैं पानीदार

द लास्ट वाइल्डरनेश फाउंडेशन के रीजनल क्वॉर्डिनेटर इंद्रभान सिंह का कहना है कि रायगढ की आंचलिक जिंदगी पूरी तरह से पहाड़ी और जंगल पर ही निर्भर है। जिले में कबरा पहाड ए गजमार पहाडी समेत पहाड़ों की श्रृंखला के पहाड़ पाए जाते हैं। यह पहाड़ी प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में सहायक होने के साथ ही तेज हवाओं व तूफानों को भी रोकते हैं। पहाड़ों से टकराकर बादल बारिश करते हैं। इस तरह यह नदियों के लिए जलस्रोत हैं।

### हजारों लोगों की आजीविका जुड़ी

जिले के जंगलों से आंवला, चिरोंजी, महुआ, गुली बेल, तेंदूपत्ता व फल, करौंदा, कैथा, इमली, गोंद, शहद, मलकांगनी, सहित दर्जनों प्रकार की वनौषधियां मिलती हैं। जिन्हें संग्रहित करके बेचने से हजारों की संख्या में वन क्षेत्र निवासियों की अजीविका चलती है। इसी कारण से पहाड़ों को नष्ट करने के बजाए इनको संरक्षित किए जाने की जरूरत है। जिले में पहाड़ों को नष्ट करने के लिए होने वाली किसी भी प्रकार की कार्रवाई का विरोध करना चाहिए।

### धरती की धरोहर हैं पहाड़, पर्वत

जिले की पर्वतारोही आशी कहती हैं कि पहाड़ पर्वत प्रकृति की धरोहर हैं। इनका संरक्षण बहुत जरूरी है। पहाड़ी के निचले हिस्से में जंगल होते हैं तो वहां तो हमें शुद्ध ऑक्सीजन मिलती हैए लेकिन ऊंचाई पर चढ़ते हैं तो ऑक्सीजन लेबल कम होता जाता है। आशी आगामी माह में फिर एवरेस्ट पर फतह करने का प्लान बना रही हैं। जिसके लिए वे ऑनलाइन माध्यम से अपने को फिजिकली फिट रखने के लिए ट्रेनिंग भी ले रही है। वे जिले की एकमात्र प्रोफेशनल पर्वतारोही हैं।

# जिन्दल स्टील एंड पावर को सीएसआर एक्सीलेंस अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, फिल्म अभिनेता आमिर खान और कवि डॉ. कुमार विश्वास की मौजूदगी में जेएसपी को सम्मानित किया। ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्र की 25 हजार से अधिक प्रतिभाओं के विकास लिए प्रशिक्षण और खेल सुविधाओं का निर्माण हमारी प्राथमिकता शालू जिन्दल रायगढ़, 11 दिसंबर जाने माने उद्योगपति नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली देश की अग्रणी स्टील कंपनी जिन्दल स्टील एंड पॉवर जेएसपी को ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने में उत्कृष्ट योगदान के लिए सीएसआर एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया है। सम्मान सीएसआर जर्नल की ओर से मुंबई में 9 दिसंबर को आयोजित एक कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदेए फिल्म अभिनेता आमिर खान और डॉ. कुमार विश्वास की मौजूदगी में जेएसपी को प्रदान किया। जेएसपी के सीएसआर ग्रुप हेड प्रशांत कुमार होता ने यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त किया।सीएसआर एक्सीलेंस अवार्ड के लिए निर्णायक मंडल का आभार व्यक्त करते हुए जेएसपी फाउंडेशन की चेयरपर्सन श्रीमती शालू जिन्दल ने कहा हम देश की 25 हजार रुपए से अधिक ग्रामीण और आदिवासी खेल प्रतिभाओं के विकास के लिए समर्पित हैं और उनके लिए खेल सुविधाओं का निर्माण कराने के साथ साथ उन्हें विश्व स्तरीय प्रशिक्षण दिलाने के लिए प्रयासरत हैं ताकि वे अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश को गौरवान्वित करें।



### विद्यार्थियों को मानवाधिकार पर दी कानूनी जानकारी

**रायगढ़।** जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ अरविन्द्र कुमार सिन्हा के निर्देशन में विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर पैरालीगल वालिंटियर्स के द्वारा विभिन्न स्थानों, ग्राम, स्कूल में मानवाधिकार के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए यह बताया कि 10 दिसम्बर 1948 को संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा यूनिवर्सल डिक्लेरेशन ऑफ ह्यूमन राईट को स्वीकार किए जाने के पश्चात 10 दिसम्बर को मानव अधिकार दिवस के रूप में मनाया जाता है।

# कलेक्टर ने की निर्माण कार्यों की समीक्षा

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के प्रमुख अधिकारियो की बैठक ली।



बैठक की शुरुआत में डॉ सिद्दीकी ने जिले के स्वामी आत्मानंद विद्यालय उत्कृष्ट अंग्रेजी और हिंदी माध्यम विद्यालयों, अन्य शासकीय विद्यालयों में विज्ञान प्रयोगशाला भवन, कंप्यूटर कक्ष, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, प्री और पोस्ट मैट्रिक छात्रावास निर्माण, पुल, पुलियों, सीसी रोड निर्माण, नलकूप खनन आदि के संबंध में निर्माण एजेंसियों शिक्षाए आदिम जाति और अनुसूचित जाति विकासए ग्रामीण यांत्रिकी सेवाए पंचायत विभाग के अधिकारियों से अब तक निर्माण हो चुके कार्यों की जानकारी ली और शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर वन मंडल अधिकारी गणेश यू आरए अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहानए नीलाराम पटेलए सीएमएचओ डॉ एफआर निराला, आयुक्त आदिवासी विकास आशीष बनर्जी, जिला शिक्षा अधिकारी एसएन भगत, रोजगार अधिकारी रामजी राम, समाज कल्याण प्रभारी अधिकारी विनय तिवारी, डीएसपी मनीष कुंवर, बीईओ बरमकेला नरेश चौहान, बीईओ बिलाईगढ़, सीईओ संजू पटेल, योगेश्वरी बर्मन, सीएमओ सारंगढ़ राजेश पांडेय, इंजीनियर उत्तम कंवर, आरईएस एसडीओ शैलेंद्र वर्मा, बीआर खांडेकर, आयुर्वेद डॉक्टर बीआर पटेल, सहायक संचालक कौशल विकास पुरुषोत्तम स्वर्णकार आदि उपस्थित थे।



### शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों का ओपी ने लिया जायजा

**रायगढ़।** विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद प्रदेश महामंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने केंद्रीय नेतृत्व के निर्णय की सराहना करते हुए विष्णुदेव साय को बधाई दी। साय के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ विकास एवं सुशासन के पथ पर आगे बढ़कर कीर्तिमान स्थापित करने की बात कही। मुख्यमंत्री की घोषणा के तत्काल बाद ओपी चौधरी शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों में जुट गए। इस हेतु ओपी आज राजधानी स्थित साइंस कॉलेज मैदान पहुंचे और 13 दिसंबर को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह से पूर्व तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया।

# बंजारी मंदिर में चोरों का धावा मुकुट व दानपेटी ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पूंजीपथरा थाना क्षेत्र तराईमाल के पास स्थित प्रसिद्ध मां बंजारी मंदिर में धावा बोलकर दान पेटी ले उड़े। चोरों की करतूत मंदिर में लगें सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर मामले की तफ्तीश कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक मंदिर प्रबंधन व पुजारी रोज की तरह पूजा अर्चना करने के बाद मंदिर का पट बंद कर क्वाटर में चले गए थे। इसी बीच रात्रि लगभग दो से ढाई बजे के आसपास रात के अंधेरे का फायदा उठाकर चोर मंदिर में दाखिल हो गया, वही आसपास की टोह लेने के बाद मंदिर के अंदर मौजूद दान पेटी तथा मुकुट ले गए है। यह चोरी मुख्य मंदिर परिसर में ही मौजूद भगवान भोलेनाथ शिव मंदिर से चोरी हुई है। बताया जा रहा है कि दान पेटी को



साल में दो बार यानी 6-6 माह में ख़ोला जाता है। फिलहाल उक्त दान पेटी में कितना रकम है यह अज्ञात नहीं है। आरोपित युवक की नापाक हरकत सीसीटीवी फुटेज मे कैद हो गई। बहरहाल घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर मामले की तफ्तीश कर रही है। इधर लोगो की आस्था का केंद्र मंदिर में चोरी होने से भारी नाराजागी देखा जा रहा है। वारदात के बाद मंदिर प्रबंधन व पुलिसिया जांच में प्रथम दृष्टया स्थानीय चोर होने का कायस लगा रहे है। इसमें बताया जा रहा है कि मंदिर के आसपास मौजूद उद्योग की भरमार है। यहां भारी संख्या में मजदूर व अन्य लोग बाहर से आकर काम करते है। हो न हो यही लोग इस चोरी की घटना को अंजाम दिए हो। इसके अलावा नट गिरोह का भी होने के कयास लगाए जा रहे है।

# बालिका का अपहरण कर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लैलूंगा पुलिस द्वारा गुम बालिका रिपोर्ट पर त्वरित कार्रवाई करते हुए गुम बालिका की 5 दिनों में पतासाजी कर बालिका को उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया है। बालिका के पिता बीते 05 दिसंबर को थाना लैलूंगा में बालिका के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। बालिका के पिता बताये कि 27 अक्टूबर को उसकी बेटी अपनी सहेली के साथ समीप के गांव मेला देखने गई थीए दूसरे दिन शाम तक लड़की वापस नहीं आई तो अपने स्तर पर लड़की का पता कियाए कोई पता नहीं चला।

बालिका का पिता बताए कि वे बाहर कमाने.खाने चला गया था। 5 दिसंबर को वापस आकर थाना लैलूंगा में रिपोर्ट दर्ज कराने पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 363 के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक मोहन भारद्वाज द्वारा गुम बालिका की सहेलियों से पूछताछ करने पर बालिका को पास्कल लकड़ा उम्र 22 साल द्वारा भाग ले जाने की जानकारी मिली। थाना



प्रभारी द्वारा पास्कल लकड़ा का पता किया गया जिसके महाराष्ट्र में होने की जानकारी मिली। थाना प्रभारी द्वारा बालिका की पतासाजी के लिए दिगर प्रांत जाने टीम तैयार किया गया और पुनः संदेही पास्कल लकड़ा का पता लगाया गया जिसके वापस अपने घर लैलूंगा आ जाने की जानकारी मिली। थाना प्रभारी द्वारा संदेही के घर दबिश दिया गया जहां संदेही पास्कल लकड़ा के घर पर बालिका मिली। बालिका का महिला अधिकारी से कथन कराया गया जिसमें बालिका ने पास्कल लकड़ा को शादी का प्रलोभन देकर सीतापुर ले जाना और वहां से महाराष्ट्र ले जाना बताई। बालिका के कथनए मुलाहिजा रिपोर्ट पर प्रकरण में धारा 366,376,376,2द, और 6 पोक्सो एक्ट जोड़ा गया ।

# हाथियों के बीच फंसा युवक, वन अमले ने किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल क्षेत्र में हाथियों से होने वाले नुकसान के मामले लगातार सामने आ रहे हैं साथ ही बड़ी संख्या में हाथियों की मौजूदगी से कई अप्रत्याशित घटनाएं भी हो रही हैं। बीती रात छाल रेंज के एडु इलाके में एक ऐसा ही हैरान करने वाला मामला सामने आया जिसने एकबारगी वन विभाग सहित



स्थानीय लोगों को भी सकते में डाल दिया। जानकारी के मुताबिक बीती रात रायगढ़ से अम्बिकापुर लौट रहे तीन युवाओं का सामना 67 हाथियों के सबसे बड़े समूह से हो गया। जिसके बाद दो लोग वहां से निकलने में कामयाब हो गए लेकिन तीसरा व्यक्ति भयभीत होकर जंगल की ओर चला गया। जिसके बाद वह सुरक्षित जगह पर जाकर थरथराती धीमी आवाज में हेल्प मी कहते हुए मदद मांगता रहा। इस घटना की सूचना पर छाल रेंजर एम एस मर्सकोले के नेतृत्व में वन विभाग व हाथी मित्र दल की टीम तत्काल वहां पहुंची और उस शख्स का रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला। इस संबंध में विभागीय अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार की रात करीब दस बजे तीन लोगों का सामना हाथियों से हो गया।

# प्लेटफार्म में लगे स्पीकर से सूचना कम, विज्ञापन का प्रचार अधिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



■ हर मिनट तेज आवाज में बजते स्पीकर से यात्रियों को होती है परेशानी

प्लेटफार्म में लगे स्पीकर से बीते कुछ माह से यात्रियों को सूचनाएं कम और विज्ञापन का प्रचार अधिक हो रहा है। हर मिनट तेज आवज में विज्ञापन को प्रचार किया जा रहा है। जिससे यात्रियों को ट्रेन संबंधी जानकारी तो कम मिल रही हैं, उल्टे उन्हें स्पीकर के तेज आवाज से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म में यात्रियों को ट्रेन की स्थिति व पॉजिशन को बताने के लिए स्पीकर लगाए गए हैं। ताकि उन्हें इस स्पीकर की सहायता से ट्रेन के आने, कोच, सहित अन्य जानकारी उपलब्ध हो सके। किंतु प्लेट फार्म में हर वक्त इन स्पीकरों से विज्ञापन का प्रचार किया जा रहा है। अहम बात यह है कि विज्ञापन के प्रचार के दौरान इनकी आवाज काफी तेज होती है। हर दूसरे मिनट में स्पीकर से तेज आवाज से एक के बाद एक विज्ञापन का प्रचार किया जाता है।





